प्रसार भारती/Prasar Bharati
(भारत का लोक सेवा प्रसारक/
India's Public Service Broadcaster)
दूरदर्शन महानिदेशालय/DG: Doordarshan
कॉपरनिकस मार्ग/Copernicus Marg
नई दिल्ली/New Delhi-110001

सं. ई- 11017/05/2020-हिंदी

दिनांक : 10 सितंबर, 2020

विषय : हिंदी दिवस 2020 के अवसर पर महानिदेशक, दूरदर्शन की अपील ।

14 सितंबर, 2020 को हिंदी दिवस के अवसर पर महानिदेशक, दूरदर्शन की अपील सूचना एवं अनुपालन हेतु संलग्न है ।

<u>संलग्नक: **यथोपरि**</u>

10/9/2020
(रीता शर्मा)
सहायक निदेशक (रा.भा.)
रीता शर्मा/Reeta Sharma
सहायक निदेशक(रा.भा.)/Asstt. Director (OL)
दूरदर्शन महानिदेशालय/DG:Doordarshan
नई दिल्ली-110001/New Delhi-110001

महानिदेशालय के सभी अधिकारी/अनुभाग

प्रतिलिपि निम्नलिखित को प्रेषित :-

1. सभी दूरदर्शन केंद्र/उच्च शक्ति ट्रांसमीटर/दूरदर्शन अनुरक्षण केंद्र/सीपीसी/सीपीएंडएस/डीडी न्यूज/ दूरदर्शन विज्ञापन सेवा/दूरदर्शन डीटीएच, टोडापुर, नई दिल्ली ।
2. सभी क्षेत्रीय अपर महानिदेशक/सभी विपणन प्रभाग ।

} अपर महानिदेशक

(बी एंड ए/राजभाषा) के निदेशानुसार 14 सितंबर, 2020 को सभी केंद्र/कार्यालय अपने स्तर पर अपील को शामिल करते हुए ऑनलाइन हिंदी परिचर्चा/गोष्ठी का आयोजन करें/साथ ही नियमित अंतराल पर भी हिंदी के संवर्धन हेतु इस प्रकार का आयोजन करते रहें तथा आवश्यक रूप से इसकी सूचना मुख्यालय को भी दें ।

3. निदेशक (रा.भा.), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली ।
4. उप महानिदेशक (आईटी) को दूरदर्शन की वेबसाइट पर अपलोड कराने के लिए ।

मयंक कुमार अग्रवाल
महानिदेशक
Mayank Kumar Agrawal
Director General

सत्यमेव जयते

दूरदर्शन
Doordarshan

अपील

"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल ।
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल ।।"

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के इसी भाव को आत्मसात करते हुए 14 सितंबर, 1949 को संविधान में 'हिंदी' को राजभाषा का दर्जा देकर इसे गरिमामय स्थान दिया गया। इसी उपलक्ष्य में मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है ।

भाषा देश की एकता के द्योतक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । श्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था- 'भाषा एक ऐसा सशक्त कारक है जो पूरे देश को एकजुट करता है और यह क्षमता हमारी मातृभाषा हिंदी में है ।'

किसी भी देश की मौलिक सोच और सृजनात्मक अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में ही सहज रूप से होती है । राजभाषा हिंदी सरकार एवं आम जनता के बीच संवाद की महत्वपूर्ण कड़ी है । भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिलने के पश्चात संघ सरकार के लिए अत्यावश्यक है कि सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग किया जाए ।

लोक सेवा प्रसारक होने के नाते दूरदर्शन की भूमिका इस क्षेत्र में अधिक दायित्वयपूर्ण एवं महत्वपूर्ण हो गई है, जिसे दूरदर्शन परिवार भलीभांति निभा रहा है । आज के तकनीकी दौर में कंप्यूटर में हिंदी के प्रयोग की अपार संभावनाएं हैं। आज नए-नए सॉफ्टवेयर और एप्स उपलब्ध हैं जिनकी सहायता से हिंदी टाइपिंग जानने और न जानने वाले भी कंप्यूटर में आसानी से हिंदी का प्रयोग कर सकते हैं। इसी प्रकार सोशल मीडिया में भी हिंदी भाषा का प्रयोग निरंतर बढता जा रहा है । फिर हम स्वयं को अपनी राजभाषा से दूर क्यों रखें।

आइए, हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि हम अपने दैनिक सरकारी कामकाज में, चाहे वह कंप्यूटर पर हो अथवा फाइलों पर, संवाद हो या सेमिनार, हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग कर राजभाषा हिंदी के प्रति अपने सांविधानिक दायित्व का निर्वहन करेंगे । इस दिशा में सफलता के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

मयंक

मयंक कुमार अग्रवाल

प्रसार भारती PRASAR BHARATI
(भारत का लोक सेवा प्रसारक) (India's Public Service Broadcaster)
टावर 'ए' दूरदर्शन भवन, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली-110 001 Tower 'A', Doordarshan Bhawan, Copernicus Marg, New Delhi-110 001
Phone : +91-11-23114599/23114560 E-mail : dgdd@prasarbharati.gov.in
Website : www.doordarshan.gov.in